

# अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक की कलम से...

**01 अप्रैल, 2024**

**प्रिय साथियो,**

एनएचपीसी की विकास यात्रा में मार्च माह, 2024 महत्वपूर्ण उपलब्धियों से परिपूर्ण रहा है। इस माह में हमें कई उल्लेखनीय उपलब्धियाँ प्राप्त हुई हैं। इनमें से, 9 मार्च, 2024 को अरुणाचल प्रदेश में स्थित एनएचपीसी की 2880 मेगावाट की दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना के शिलान्यास समारोह में भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति सभी एनएचपीसी कार्मिकों के लिए गौरवपूर्ण क्षण था। अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में आयोजित इस कार्यक्रम में अरुणाचल प्रदेश के माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल कैवल्य त्रिविक्रम परनायक, अरुणाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री पेमा खांडू और अरुणाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री माननीय श्री चाउना मीन की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

इसके अतिरिक्त, माननीय प्रधानमंत्री द्वारा आरईआईए योजना के अंतर्गत राजस्थान के जैसलमेर जिले में 380 मेगावाट की सौर परियोजना का उद्घाटन, नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में एनएचपीसी की महत्वपूर्ण भूमिका को परिलक्षित करता है। इसके अलावा, 4 मार्च, 2024 को यूपीएनईडीए और एनएचपीसी का संयुक्त उद्यम, बीएसयूएल के 1200 मेगावाट के जालौन अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल एनर्जी पावर पार्क की आधारशिला रखे जाने से एनएचपीसी की उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जुड़ गई है।

एनएचपीसी ने 2 मार्च, 2024 को टैरिफ-आधारित ई-रिवर्स नीलामी के माध्यम से खावड़ा, गुजरात में 1,125 मेगावाट गुजरात स्टेट इलेक्ट्रिसिटी करपोरेशन लिमिटेड (जीएसईसीएल) सोलर पार्क में से 200 मेगावाट क्षमता की सौर परियोजना प्राप्त करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। ये प्रयास भारत सरकार के महत्वाकांक्षी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता अभिवृद्धि लक्ष्यों के अनुरूप हैं।

इसके अलावा, विद्युत मंत्रालय सहित प्रमुख हितधारकों के साथ एनएचपीसी की सक्रिय भागीदारी विभिन्न बैठकों के माध्यम से सिद्ध हुई है। एनएचपीसी की परियोजनाओं की बाधा रहित प्रगति सुनिश्चित करने के लिए श्री आर.के. सिंह, माननीय केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री, भारत सरकार और अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ हुई बैठक का उद्देश्य उल्लेखनीय था। अन्य विकास कार्यों में सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना के रेडियल गेट्स संख्या 8 और 7 का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन प्रमुख था।

पंजाब में जलविद्युत, पंप स्टोरेज और नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के विकास के लिए एनएचपीसी और पीएसपीसीएल के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर जैसी सहयोगात्मक पहल ने सतत ऊर्जा समाधानों के लिए एनएचपीसी की प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है।

सौर ऊर्जा पहल के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति करते हुए, एनएचडीसी की अगुवाई में मध्य प्रदेश के सांची में 8 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना का वाणिज्यिक प्रचालन 29 मार्च, 2024 को सफलतापूर्वक शुरू कर दिया गया है। इसके अलावा, बीएसयूएल द्वारा विकसित की जा रही 65 मेगावाट कालपी सौर परियोजना में से शेष 39 मेगावाट को मार्च माह के दौरान सीओडी घोषित कर दिया गया है।

एनएचपीसी ने 28 मार्च, 2024 को सीपीएसई 1000 मेगावाट योजना के अंतर्गत विकसित की जा रही 300 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना, बीकानेर सहित नवीकरणीय परियोजना के क्रियान्वयन हेतु 20 बिलियन जापानी येन के ऋण के लिए जापान बैंक फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन (जेबीआईसी), जापान के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

एसएंडपी ग्लोबल ने एनएचपीसी के लिए एनवायरनमेंट सोशल एंड गवर्नेंस (ईएसजी) स्कोर 48 (मार्च 2024) रिपोर्ट किया है, जबकि पिछला ईएसजी स्कोर 17 (नवंबर 2022) था। यह बढ़ा हुआ ईएसजी स्कोर पर्यावरणीय प्रबंधन, सामाजिक जिम्मेदारी और प्रभावी अभिशासन प्रथाओं के प्रति और अधिक मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

मार्च माह, 2024 के लिए राजस्व संग्रह 947.96 करोड़ रुपए था और इसके साथ वित्त वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक राजस्व संग्रह 9938.48 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों से कुल समेकित विद्युत उत्पादन 21778.7 मिलियन यूनिट रहा है।

**इस माह की अन्य मुख्य विशेषताएं हैं:**

- पंजाब के नंगल में आयोजित 13वें इंटर सीपीएसयू एथलेटिक्स टूर्नामेंट में एनएचपीसी की पुरुष और महिला एथलेटिक्स टीमों ने दूसरा रनर-अप स्थान हासिल किया।
- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सुश्री संध्या स्वामी (आईपीएस) का व्याख्यान और एनएचपीसी निगम मुख्यालय में महिला कार्मिकों को सम्मानित किया जाना शामिल था।
- एनएचपीसी ने हैदराबाद में 'स्पेस पिक्चर आधारित जीएलओएफ अध्ययन' के लिए राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग एजेंसी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।
- सांस्कृतिक समृद्धि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजभाषा विभाग द्वारा निगम मुख्यालय में एक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया ।
- दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना द्वारा दिनांक 9 मार्च, 2024 को दिबांग वैली के एक स्कूल को महिंद्रा बोलेरो पिकअप वाहन प्रदान की गई।
- एनएचपीसी ने दिनांक 22 मार्च ,2024 को होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें कार्मिकों ने बड़े उत्साह एवं उत्सव पूर्वक होली मनाई।
- कुआलालंपुर में 14वें एशियन रिजनल कान्फ्रेंस ऑफ आईएईजी में एनएचपीसी अधिकारियों ने टेक्निकल पेपर प्रस्तुत किए और इसके लिए इनकी प्रशंसा की गई।
- विद्युत मंत्रालय के अधिकारियों ने दिनांक 22 मार्च, 2024 को क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के राजभाषा संबंधी कार्यों का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने एनएचपीसी द्वारा की जा रही राजभाषा संबंधी पहल की प्रशंसा की।

मैं आपको और आपके परिवार को गुड़ी पड़वा, बैसाखी, बोहाग बिहू, राम नवमी, महावीर जयंती और ईद-उल-फितर के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं।

भवदीय

राजेन्द्र गोयल

**(आर.पी. गोयल)**

**अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक**